unicef



WORLD'S LARGEST LESSON

क्वीन रानिया

जॉर्डन की महारानी

# अभी भी बहुत सारे बच्चे स्कूल क्यों नहीं जाते हैं?

## विषय

भूगोल, सामाजिक अध्ययन, विकास, नागरिकता।

## अध्ययन के परिणाम

- उन बच्चों के जीवन के मुद्दों का अन्वेषण करना जो स्कूल नहीं जा सकते हैं।
- अन्य बच्चों की परिस्थितियों के साथ सहानुभूति रखना।
- उन बाधाओं के बारे में जानना जिनका कुछ बच्चों को सामना करना पड़ता है, जो उन्हें शिक्षित होने से बाधित करती हैं।
-

SCHOOL UP FOR

यह पाठ योजना ए वर्ल्ड एट स्कूल द्वारा प्रदान की गई है। इसे अकेले या एक श्रृंखला के भाग के रूप में उपयोग किया जा सकता है। पाठ योजना के अंत में नोट देखें। कैथरीन जे नीमैन द्वारा लिखित

## तैयारी

परिशिष्ट 1 और 2 की कहानियां छात्रों को पढ़ने के लिए प्रिंट करके या स्क्रीन पर उपलब्ध कराएं।

## शिक्षक के लिए लेख

सावधानी से आकलन करें कि क्या कक्षा में कुछ ऐसे बच्चे हैं जो इन वास्तविक कहानियों द्वारा उठाए गए मुद्दों से प्रभावित हो सकते हैं। इन विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करें।

कुल समय:

60 मिनट

आयु सीमा

8-14 वर्ष

4 PENDIDIKAN BERKUALITAS

"दुनिया का सबसे बड़ा पाठ," "वहनीय विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्वव्यापी लक्ष्य" की घोषणा का समर्थन करने के लिए, एक सहयोगपूर्ण शिक्षा परियोजना है। यह परियोजना विश्वव्यापी लक्ष्य 17 "लक्ष्यों के लिए भागीदारियाँ" के महत्व का जीता-जागता सबूत है और यह हमारे साथ और आपस में काम कर रहे हमारे सभी भागीदारों की मदद के बिना संभव नहीं होता।

हमारी "संस्थापक टीम" का धन्यवाद:

---

द्वारा संचालित:

द्वारा वितरित:

द्वारा अनुवाद किया गया:

और दुनिया भर के उन लोगों का विशेष धन्यवाद जिन्होंने हमारे साथ काम किया:

---

पाठ योजनाएँ Think Global के साथ मिलकर बनायी गयीं www.think-global.org.uk. एक न्यायपूर्ण और वहनीय दुनिया के लिए शिक्षा को प्रोत्साहन देना

THE GLOBAL GOALS
टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य

WORLD'S LARGEST LESSON

## पाठ की शुरुआत - समस्या की जांच

15 मिनट

परिशिष्ट 1 में निक शैरेट के चित्रों को देखें
गतिविधि शुरू करने से पहले छात्रों को बताऐं वे एक समस्या की जांच करेंगें और उन्हें एक पत्रकार की तरह सोचने की आवश्यकता है। उन्हें पूरे पाठ के दौरान 5 डब्ल्यू और 1 एच प्रश्न (कौन, क्या, क्यों, कहाँ, कब और कैसे) का उपयोग करना है। यह स्पष्ट करें कि सभी जवाब यहाँ मौजूद नहीं हैं और उंन्हें कुछ और आगे जांच करने की आवश्यकता हो सकती है।

इस पाठ पर विचार करें: दुनिया के सभी कोनों से बच्चों का एक समूह ग्रीष्मकालीन शिविर में एक साथ बैठा है और अपने स्कूल की कहानियों पर चर्चा कर रहा है। ऐसा पता चला है कि उनमें से कुछ बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं, और कुछ स्कूली बच्चों को ईर्ष्या हो रही है:

अमेरिकी बच्चा: ' विश्वास नहीं होता कि तुम पूरे दिन खेल सकते हो, कोई गृहकार्य नहीं करते हो'

भारतीय लड़का: 'मैं ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि मुझे दोपहर से रात तक काम करने के लिए जाना पड़ता है, अन्यथा मेरे परिवार के पास खाने के लिए पैसे नहीं होगें। काश मैं अपने दोस्तों से मिल पाता, और नई चीजें सीख सकता। "

नाइजीरियाई लड़की: 'मैं स्कूल इसलिए नहीं जा सकती क्योंकि मैं एक लड़की हूँ। लोगों का मानना है कि मुझे शादी करके बच्चे पैदा करने चाहिए, न की स्कूल जाकर सीखना चाहिए। वे समझते हैं कि यह समय की बर्बादी है। मैं एक डॉक्टर बनना चाहती हूँ, लेकिन मुझे इसका मौका कभी नहीं मिलेगा।'

यूके का बच्चा: 'तुम काम करते हो, लेकिन तुम तो केवल 8 वर्ष के हो। और शादी करना .... ? '

## विभिन्नता और विकल्प

छात्रों को पाठ पढ़ाने से पहले, उनसे यह पूछने पर विचार करें कि उनके अनुसर में चित्र में बच्चे क्या कहेंगे... क्या वह उससे मेल खाता है जो बच्चे वास्तव में कह रहे हैं।
चर्चा में आए महत्वपूर्ण वाक्यांशों को एक बोर्ड पर नोट करें, जो उन बाधाओं का वर्णन करते हैं जिनका सामना ये बच्चे कर रहे हैं ... उदाहरण के लिए: 'मुझे काम करना पड़ता है, अन्यथा मेरे परिवार के पास खाने के लिए पैसे नहीं होगें '

## शिक्षण गतिविधि

25 मिनट

परिशिष्ट 2 में दी गई असली कहानी की स्लाइड का प्रयोग करें, और विस्तार से हर एक के बारे में बात करें।
5 डब्ल्यू और 1 एच प्रश्न की शुरुआत का प्रयोग करें।
जोड़े बनाकर बातचीत गतिविधि: इस प्रकार का बच्चा होने पर कैसा लगेगा? आपके जीवन से उनका जीवन कितना भिन्न है? वे तीन सवाल लिखें जो आप उनके जीवन के बारे में उनसे पूछना चाहेंगे। अपने सवालों को इस तरह बनाऐं कि आप उनसे कई चीजों के बारें में पता कर सकें। सभी प्रकार के प्रश्न पूछने की तकनीकों का प्रयोग करें ताकि सुनिश्चित हो सके कि इन संभावित जवाबों से आपको कई चीज़ों के बारे में जानकारी प्राप्त हो।
समीक्षा: पाठ में अब तक दी गई शिक्षा का वर्णन करें। क्या छात्र अपने जवाब में और अधिक जानकारी को स्पष्ट करने में सक्षम हैं? क्या उन्होंने मुद्दों को अधिक अच्छी तरह से समझ लिया है?

## शिक्षण गतिविधि

10 mins

व्यक्तिगत विचार और लघु बातचीत का संक्षिप्त: आपने आज जिन बच्चों के बारे में सुना है उनमें से किसी एक के लिए यदि आपके मन में एक इच्छा हो, तो वह क्या होगी? छात्रों से उनकी इच्छा को स्पष्ट करते हुए एक पैराग्राफ लिखने के लिए कहें।

## विभिन्नता और विकल्प

चुनौती पुनः जांच करना: हमने आज जिन बाधाओं के बारे में बात की है उनमें से जिस किसी एक में आप रुचि रखते हैं उसके बारे में सोचें, और अधिक जानकारी प्राप्त करें। जांच करें और पता करें कि कितने देश इससे प्रभावित हैं? वेबसाइटों की एक सूची बनाएँ जिसमें कक्षा को रुचि हो सकती है, इस सूची को अगले पाठ में लाएें।


UP FOR SCHOOL

इस पाठ योजना को अकेले या बेहतर रूप से 5 पाठ योजनाओं के एक अनुक्रम के हिस्से के रूप में उपयोग किया जा सकता है जिससे एक समूह बने जो स्कूल जाने के लिए सभी बच्चों को सक्षम करने की महत्वाकांक्षा का समर्थन करने के लिए एक विद्यालय अभियान में विकसित हो।

पाठ योजनाओं के पूरे अनुक्रम की समीक्षा करने के लिए कृपया निम्न लिंक पर जायें http://www.aworldatschool.org/resources/teachers-pack

ए वर्ल्ड एट स्कूल और स्कूल न जा सकने वाले लाखों बच्चों के समर्थन में कार्रवाई करने के लिए www.globalgoals.org/worldslargestlesson पर जाएँ और पाठय योजना की समीक्षा करें जिसका शीर्षक है- 58 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं - हम कैसे सहायता कर सकते हैं?

# दुनिया भर में 124 लाख बच्चे ऐसे जो स्कूल नहीं जा पाते




Source: UNESCO Institute for Statistics 2013. This is made up of 59m children of primary school age and 65m young adolescents.


काश मैं स्कूल जा पाता और अपने दोस्तों से मिल पाता और सीख पाता। मुझे दिन में काम करना पड़ता है, अन्यथा मेरे परिवार के पास खाने के लिए पैसे नहीं होंगे।
मैं एक पत्रकार बनना चाहती हूँ लेकिन मुझे ऐसा मौका नहीं मिलेगा क्योंकि मैं एक लड़की हूँ और मेरे परिवार का मानना है कि स्कूल जाने से बेहतर है कि मेरी शादी हो जाए।
तुम्हारी शादी होने जा रही है और तुम सिर्फ 10 साल की हो?
मुझे बहुत ईर्ष्या हो रही है कि केविन स्कूल नहीं जाता है, उसे कोई गृहकार्य नहीं करना पड़ता और खेलने के लिए पूरा दिन होता है।
लेकिन उसे काम करना पड़ता है।



# वे स्कूल क्यों नहीं जा सकते हैं?

ICEF/NYHQ2014-0167/Noorani

वास्तविक कहानियाँ

# बाल श्रम



नाम गुड़िया आयु 9

देश भारत

**गुड़िया 9 साल की है। उसे स्कूल जाना बहुत अच्छा लगता था। वह एक बहुत ही अच्छी छात्रा थी, जो मेहनती थी और बड़े होकर डॉक्टर बनना चाहती थी।** लेकिन, जब गुड़िया के पिता की मृत्यु हो गई तो उसे स्कूल छोड़ना पड़ा और उसके पास परिवार को खाना जुटाने में सहायता करने के लिए पैसे कमाने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं था।

अब वह एक नौकर के रूप में काम कर रही है, वह एक अमीर व्यक्ति के घर में बर्तन साफ करती है और घर के अन्य काम करती है ताकि वह अपने परिवार की सहायता कर सके जो इतने गरीब हैं कि उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं हैं।

उसे स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर होने के 2 दिनों के बाद यह गृहकार्य नोट उसकी नोटबुक से आया:

आज का गृहकार्य

1. महरौली-बदरपुर क्रॉसिंग से भीख माँग कर 20 रुपए इकट्ठा करना
2. श्रीमती शर्मा के घर पर सफाई करना और बर्तन धोना
3. शाम का भोजन बनाने के लिए आटा गूंधना

भारत के श्रम विभाग की ओर से कहानी

वास्तविक कहानियाँ

बाल विवाह



**नाम** माइनेस **Age** 15

**Country** मलावी

माइनेस अपनी दादी के साथ इतनी गरीबी में रहती थी कि उनके पास धोने के लिए साबुन खरीदने के लिए भी पैसा नहीं होते थे। जब माइनेस 13 वर्ष की थी तब उसकी दोस्त ने उसे अपने से बहुत बड़ी उम्र के एक ऐसे आदमी से शादी करने के लिए आश्वस्त कर लिया जो उसकी देखभाल कर सकता था।

माइनेस को प्रतीत हुआ कि उसके स्कूली जीवन के बदले यही एक विकल्प था जिससे उसकी दादी पर इतने कम पैसों में उन दोनों की देखभाल का बोझ नहीं रहेगा।

लेकिन उसकी शादी के बाद जीवन और भी खराब हो गया क्योंकि उसका पति सारा पैसा स्वयं पर ही खर्च करता था, और उसे भूखा ही छोड़ देता था।

सौभाग्य से उसकी दादी ने सहायता मांगी और माइनेस अब अपने पति से स्वतंत्र होकर वापस स्कूल में है तथा अपने लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने के लिए पढ़ाई कर रही है।

प्लान इंटरनेशनल से कहानी.

वास्तविक कहानियाँ

भेदभाव

**नाम** मलाला

**देश** पाकिस्तान

आयु **17**



2009 में, मलाला यूसुफज़ई नामक एक पाकिस्तानी स्कूली छात्रा ने उसे तालिबान द्वारा स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने के बाद बीबीसी को एक डायरी लिखी।

तालिबानी कट्टरपंथी विचारों वाले लोगों का एक समूह है जो सोचता है कि महिलाओं को आठ साल की उम्र के बाद शिक्षित नहीं किया जाना चाहिए। मलाला 11 साल की थी जब तालिबान ने पाकिस्तान में उसके गृह नगर मिंगोरा को कब्ज़े में ले लिया, और उसे और उसके दोस्तों को स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर किया।

उसने अपनी भावनाओं और उस अन्याय को जिसे उसने महसूस किया था उसे एक डायरी में साझा करने का फैसला किया।

उसकी डायरी से – मुझे डर लग रहा है- 3 जनवरी 2009

मैंने सैन्य हेलीकाप्टरों और तालिबान के साथ कल एक भयानक सपना देखा। मुझे स्वात में सैन्य अभियान के आरंभ के बाद से इस तरह के सपने आते हैं। मुझे स्कूल जाने से डर लग रहा था क्योंकि तालिबान ने स्कूल जाने वाली सभी लड़कियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक फतवा जारी किया था। 27 छात्रों वाली कक्षा में से सिर्फ 11 ही स्कूल गए। तालिबान के फतवे के कारण संख्या में कमी आई है।"

मलाला ने तालिबान की इच्छा के विरुद्ध स्कूल जाने के लिए एक रास्ता निकाला, लेकिन उन्हें पता चल गया, और जब वह सिर्फ 15 साल की थी तब एक तालिबानी उसके स्कूल बस में चढ़ा और उसके सिर में उसे गोली मार दी। वह बुरी तरह से घायल हो गई थी, लेकिन वह बच गई।

मलाला अब एक सुरक्षित स्कूल में है। स्कूल के बाहर वह महिला शिक्षा के लिए एक सक्रिय कार्यकर्ता भी है और सबसे कम उम्र वाली नोबेल पुरस्कार विजेता है।

**वास्तविक कहानियाँ**

**संघर्ष**



**नाम** मुहम्मद **आयु** 15

**देश** ईराक

मोहम्मद 15 साल का था, जब वह और उसके चार भाई और दो बहनें उनके गृहनगर में एक भयानक संघर्ष के बीच में फँस गए थे।
बिना किसी चेतावनी के बम और रॉकेट चलने लगे और उनका गृहनगर बर्बाद हो गया। उनके पिता तब घायल हो गये जब एक विस्फोटक खिड़कियां और उनकी कार तोड़ते हुए बिलकुल बराबर वाले घर में विस्फोट हुआ।

महत्वपूर्ण परीक्षाओं के बावजूद मोहम्मद का स्कूल बंद कर दिया गया था। उनका परिवार कई हफ्तों तक घर में फंसा रहा और वे अपने दोस्तों को मिलने में असमर्थ थे।
जब हिंसा शांत हुई, तो स्कूल फिर से खोले गए, लेकिन मोहम्मद का स्कूल बहुत अधिक प्रभावित हुआ था। खिड़कियां चूर-चूर हो गई थीं, मेज और कुर्सियां टूटी हुई थीं, शौचालय टूट गए थे, और छात्र घबराए हुए और अस्वस्थ थे। शांति घोषित होने के बाद भी माता पिता अपने बच्चों को असुरक्षित होने के कारण उन्हें स्कूल भेजने में बहुत डरते थे।
मोहम्मद भविष्य के लिए अपना सपना बताते हैं:

"मैं एक मैकेनिकल इंजीनियर बनने के लिए पढ़ना चाहता हूँ और मुझे शिक्षकों की सर्वश्रेष्ठ सहायता की आवश्यकता है। मेरा सपना है कि जब युद्ध समाप्त होगा, तब हम स्कूल जा पाऐंगें और अन्य बच्चों की तरह स्वतंत्र रूप से खेल पाऐंगे।"

यनिसेफ से कहानी